आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने दिल्ली के लाल किला कार विस्फोट मामले में शामिल एक और आतंकी को किया गिरफ्तार । प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में जांच और छापेमारी की कार्रवाई जारी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचीस नवम्बर के दौरे की तैयारियां देखने आज अयोध्या जाएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अधिकारियों के साथ करेंगे उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक।
- सोनभद्र खदान हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ी। अब तक निकाले जा चुके हैं छह लोगों के शव। जारी है रेस्क्यू ऑपरेशन।
- एमपी–एमएलए कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री आजम खां और उनके पुत्र पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को सुनाई सात–सात साल की सजा

**********

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने दिल्ली के लाल किला के पास हुए कार विस्फोट मामले में शामिल आतंकवादी उमर नबी के एक और प्रमुख सहयोगी जसीर बिलाल वानी को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने उसे कश्मीर के श्रीनगर से गिरफ्तार किया। अभिकरण के अनुसार वानी ने कथित तौर पर इस आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की थी। इस बीच, दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट के एक अन्य आरोपी आमिर राशिद अली को कल दस दिन की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए की हिरासत में भेज दिया। एक रिपोर्ट–

**उमर मुहम्मद नबी के साथ साजिश रचने के आरोपी कश्मीर निवासी अली को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने एनआईए की हिरासत में पूछताछ की अर्जी स्वीकार कर ली। एनआईए ने अली को गिरफ्तार किया था। हमले में इस्तेमाल की गई कार इसी के नाम पर पंजीकृत थी। उसे दिल्ली में एक व्यापक तलाश अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। इस मामले में उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में जाँच और छापेमारी की कार्रवाई जारी है। समाचार कक्ष प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में पचीस नवम्बर को प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या जाएंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण भी करेंगे। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या में मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग भी अयोध्या में व्यापक तैयारियां कर रहा है। वहां के मुख्य चिकित्साधिकारी सुशील कुमार बानियान ने बताया कि शहर के पंद्रह प्रमुख स्थानों पर अस्थायी उपचार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**तीन हमारे स्थाई चिकित्सालय हमने चिन्हित किए हैं पहले की तरह ही जहां श्रीराम में 20 बेड और मेडिकल कॉलेज में 20 बेड और जिला अस्पताल में 10 बेड हमने आरक्षित किए हैं। यह स्थाई व्यवस्था हमारी इसके अतिरिक्त हमारी 16 जो हैं वह अन्य व्यवस्थाएं हैं जहां अस्थाई चिकित्सालय हमारे बनाए गए हैं जहां यह सभी सुविधाएं सभी श्रद्धालुओं को मिलेगी।यदि कोई भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की भी स्वास्थ्य परेशानी होती है तो उसे किसी भी कीमत पर 200 और मैक्सिमम 250 मीटर की दूरी पर व्यवस्थाएं उन्हें मिलेगी।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने अलग–अलग निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

**गोरखपुर में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की द्वितीय वाहिनी के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जून माह के बाद बारिश से निर्माण कार्य प्रभावित होता है, इसलिए अक्टूबर दो हजार छब्बीस से चार माह पहले ही इसे पूरा करने पर जोर दें। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बालापार–टिकरिया–गांगी बाजार फोरलेन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फोरलेन सड़क और इसके आसपास के गांवों की आबादी की जलनिकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गिरीश नारायण चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने बस्ती जिले का भी दौरा किया। वहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। श्री योगी ने बस्ती के अस्पताल चौराहे के मन्नत देवी स्थान पहुंच कर ब्रह्मलीन नन्दा नाथ महाराज को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारत की विकास यात्रा ने दुनिया भर के देशों को हमारा अनुसरण करने को मजबूर कर दिया है। कल लखनऊ में एक निजी शिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में छलांग लगाई है।

**भारत की जो यह विकास यात्रा पिछले 11 वर्षों में देश के अंदर देखने को मिल रही है। इस विकास यात्रा को जिसका दुनिया भी उसके पीछे चलने के लिए अपने आप को मजबूर करती है कि हां, हमें इसको अंगीकार करना ही होगा और हर भारतवासी भी जिस पर गौरव की अनुभूति आज के दिन पर कर सकता है। लोगों में जो हताशा थी, निराशा थी, उसे आशा और उत्साह में भरने का काम 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देखने को मिल रहा है। हर एक क्षेत्र में भारत ने एक नई छलांग लगाई है।**

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल विकसित उत्तर प्रदेश–दो हजार सैंतालीस के तहत आयोजित विचार मंथन गोष्ठी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में प्रदेश के कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को छह ट्रिलियन यूएस डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसमें कृषि का योगदान वन ट्रिलियन यूएस डॉलर का करने के लिए कृषि विभाग काम कर रहा है।

**********

सोनभद्र में हुए खनन हादसे में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहां अब तक चले ऑपरेशन के दौरान कुल छह शवों को निकाला जा सका है। जिले के प्रभारी मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कल सोनभद्र पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने दुर्घटना के पीड़ितों के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस बीच, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव योगेंद्र डिमरी ने कहा कि राहत और बचाव की टीमें बहुत सावधानी पूर्वक और नियंत्रित ढंग से काम कर रही हैं।

**********

रामपुर के एमपी–एमएलए कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व मंत्री आजम खां और उनके पुत्र एवं पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को सात–सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कल वर्ष दो हजार उन्नीस में आजम खान और उनके बेटे के खिलाफ दर्ज हुए मामले की सुनवाई की, जिसमें दो अलग–अलग जन्म प्रमाण पत्रों से दो पैन कार्ड बनवाने का आरोप लगाया गया था। न्यायालय ने इस मामले में दोनों को दोषी मानते हुए कारावास के साथ ही पचास–पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

**********

सरकार ने प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों की दरों में छब्बीस प्रतिशत की बढोतरी की है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि दैनिक समाचार पत्रों की एक लाख प्रतियों के लिए प्रति वर्ग सेंटीमीटर ब्लैक एंड व्हाइट विज्ञापन की दरें सैंतालीस रुपये चालीस पैसे से बढ़ाकर उन्सठ रुपये अड़सठ पैसे कर दी गई हैं। एक रिपोर्ट–

**इस निर्णय से प्रिंट मीडिया को गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता बनाए रखने में और स्थानीय खबरों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। आर्थिक मजबूती मिलने पर मीडिया बेहतर सामग्री तैयार कर सकेगा और जनता की जरूरतों को अधिक प्रभावी तरीके से पूरा कर सकेगा। विविध मीडिया माध्यमों वाले वातावरण में प्रिंट मीडिया के महत्व को स्वीकार करते हुए सरकार अपनी संचार रणनीतियों को बेहतर ढंग से लक्षित कर सकेगी, ताकि उसकी जानकारी अलग–अलग प्लेटफार्मज के जरिए नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। अक्षित वेदयान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

ग्रेटर नोएडा में चल रहे विश्व मुक्केबाजी फाइनल कप में कल भारत के खिलाड़ी पवन ने कजाकिस्तान के अल्टीनबेक नूर सुल्तान के खिलाफ पांच शून्य से जीत हासिल की है। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत के सुमित ने कोरिया के किम ह्योन्टे को पांच शून्य से हरा दिया। केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी ने प्रतियोगिता में पहुंचकर भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

**********